K15U 0231

Reg. No. : ................................

Name : ...................................

## III Semester B.A./B.Sc. Degree (CCSS – 2014 Admn. – Regular) Examination, November 2015
## COMMON COURSE IN HINDI
## 3A09 HIN : Gadya Ke Vividh Roop

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

1) 'नया समाज' एकांकी में सांप्रदायिक दंगों से उत्पन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक समस्या का मार्मिक वर्णन है । समर्थन कीजिए ।

2) 'नया समाज' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखकर विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । **(1×7=7)**

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए ।

3) 'प्रथम भेंट-अन्तिम भेंट' के आधार पर व्यक्त कीजिए कि उसमें नारी की पीडा एवं तिरस्कार को शब्दबद्ध किया गया है ।

4) 'रसायन और हमारा पर्यावरण लेख में अभिव्यक्त विचारों पर प्रकाश डालिए । **(1×7=7)**

III. कम से कम **125** शब्दों में किसी **एक** अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

5) आदमी सचमुच बच्चा है । बल्कि बच्चे से भी गया गुज़रा है । ---- आदमी तो जान-बूझकर भी टूटे हुए सपनों के लिए परेशान होता है ।

6) तुम्हारे सिर पर अभी का लगा हुआ सिन्दूर भी रो रहा है । तुम्हारे हाथ की चूडियाँ भी रो रही है । बैठो-मेरा भी रोम रोम रो रहा है । **(1×3=3)**

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

7) जीवन-संग्राम में विजय प्राप्त करने के लिए अपनी प्रवृत्तियों के अनुकूल व्यवसाय चुनने की जितनी जरूरत है, उससे बढ़कर उसमें दृढ़तापूर्वक लगे रहने की भी है ।

8) अब वह दुनिया आनेवाली है, जिसे हम गुलाब की दुनिया कहेंगे ।

9) कलाकार खुद अपनी चिता जलाता है । अपनी आग में जलता रहता है और एक दिन उसी में भक्ष्म हो जाता है । **(2×3=6)**

P.T.O.

V. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

10) रसायन के खतरे से बचने के लिए हमें क्या क्या उपाय ढूढ़ने चाहिए ।

11) गेहूँ और गुलाब किसके प्रतीक हैं ?

12) 'नया समाज' एकांकी के पात्रों का संक्षिप्त चरित्र-चित्रण कीजिए ।

13) 'प्रथम भेंट-अंतिम भेंट' रेखाचित्र में अभिव्यक्त समस्यायें क्या क्या हैं ? **(3×3=9)**

VI. **चार** वाक्यों में किन्हीं आठ प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए ।

14) राक्षस वृत्तियों से बचने के लिए क्या उपाय करना चाहिए ?

15) कुर्तुल-एन हैदर की परिवारिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए ?

16) किसी व्यवसाय को चुन लेने के बाद मनुष्य के लिए कौन सी सावधानियाँ अपेक्षित हैं ?

17) रेखाचित्र के क्षेत्र में महादेवी वर्मा का स्थान निर्धारित कीजिए ।

18) आदिम अवस्था में आदमी किन चीज़ो को देखकर प्रसन्न हुआ ?

19) कुर्तुल-एन हैदर के लेखन में वातावरण की क्या भूमिका रहती है ?

20) माधवराव सप्रे ने मनुष्य जीवन की सफलता का आधार किसे माना है ?

21) 'प्रथम भेंट-अन्तिम भेंट के वृद्ध सज्जन की तीसरी पत्नी की वेशभूषा एवं देह रचना कैसी थी ?

22) व्यवसाय के चुनाव में किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ।

23) मल्लीताल में लेखिका को वृद्ध सज्जन की तीसरी पत्नी किस तरह मिली ? **(8×1=8)**

---